# बिहार विधान परिषद

(203 बजट सत्र)

## 13 मार्च 2023

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

**कुल प्रश्न 39**

----

### पार्किंग व्यवस्था

*36 **श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना में गंगा नदी के किनारे नवनिर्मित गंगा पथ (मेरीन ड्राइव) पर रात में 20:00 बजे तक लोगों की भीड़ लगी रहती है, जिसके कारण वहां पर बहुत सारे ठेलों, खोमचों पर खाद्य सामग्रियां बेची जा रही है;

(ख) क्या यह सही है कि उस पथ पर पिकनिक के माहौल के कारण वाहनों का जमावड़ा हो जाता है, जिसके कारण आए दिन दुर्घटना घट रही है;

(ग) क्या सरकार उक्त स्थल पर सुव्यवस्थित ढंग से वेंडिंग जोन / कियोस्क निर्माण / पार्क / सौंदर्यीकरण एवं वाहनों की पार्किंग व्यवस्था करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

### सड़क का निर्माण

*37 **श्रीमती निवेदिता सिंह (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम नगर निगम के आरा गुमटी से तकिया गुमटी तक सड़क अभी तक क्षतिग्रस्त है;

(ख) क्या यह सही है कि पोस्ट ऑफिस ओवरब्रिज जाम होने की स्थिति में वाहन बगल से आरा गुमटी से कच्ची सड़क से गुजरती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आरा गुमटी से तकिया गुमटी तक सड़क निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## फ्लाई ओवर का निर्माण

***38 श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पूरे विश्व के हिन्दू एवं बौद्ध श्रद्धालुओं के आस्था केंद्र गया शहर में हमेशा जाम की समस्या उत्पन्न होती रहती है;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा फल्गु नदी पर छह लेन की सड़क बनायी गयी है, घुघड़ी टाड़ के पास बाइपास का निर्माण कार्य भी चल रहा है, डेलहा के लिए एक पुल एवं सड़क का निर्माण हुआ है परंतु इसे जोड़ने के लिए फ्लाई ओवर का निर्माण नहीं होने के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल पर फ्लाई ओवर का निर्माण कराकर शहरवासियों को जाम से मुक्ति दिलाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पथ का निर्माण

***178 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि लखीसराय जिला मुख्यालय के मुख्य बाजार सड़क पर अत्यधिक यातयात का दबाव रहने के कारण भर दिन जाम की स्थिति बनी रहती है जिसके कारण आम जन जीवन भी बुरी तरह प्रभावित होता है;

(ख) क्या यह भी सही है कि उक्त पथ के पूरब भाग में किऊल नदी के समानान्तर किनारे-किनारे जमुई रोड से विद्यापीठ चौक के समीप राष्ट्रीय उच्च पथ तक वैकल्पिक पथ का निर्माण कराया जा सकता है जिस प्रक्रिया में भू-अर्जन की समस्या भी नहीं होगी;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लोकहित में उक्त नये पथ का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई

*179 **श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **कृषि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चंपारण, मोतिहारी जिले में धान की खरीदारी का लक्ष्य 2.51 लाख मीट्रिक टन निर्धारित है, 15 फरवरी तक ही खरीदारी की अंतिम तिथि निर्धारित है;

(ख) क्या यह सही है कि सभी 27 प्रखंडों में समितियों के माध्यम से धान की खरीदारी 15 नवंबर, 2022 से चल रही है, लेकिन अधिकारियों की सुस्ती के कारण धान की अधिप्राप्ति 50 प्रतिशत से भी कम है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो लक्ष्य के अनुरूप धान की खरीद सुनिश्चित करने हेतु सरकार कार्रवाई करना चाहती है इसमें विलंब के लिए दोषी पदाधिकारियों पर क्या कार्रवाई की गई है, नहीं तो क्यों?

----

## मछली मार्केट का आवंटन

*180 **श्री हरि सहनी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **कृषि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्यांतर्गत कृषि विपणन बाजार समिति प्रागण में मछली मार्केट संचालित है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ लि. (कॉफेड) पटना ने अपने पत्रांक 18842/21 दिनांक 11.09.2021 के द्वारा जिला समाहर्ता, पटना-सह-अध्यक्ष, मत्स्यपालक विकास अभिकरण, पटना को बाजार समिति प्रागण में संचालित मछली मार्केट के आवंटन हेतु पत्र लिखा गया था;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त आवेदन जिला पदाधिकारी, पटना के स्तर पर अबतक लम्बित है और अबतक संघ को दुकान आवंटन नहीं हुआ है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ लि. के साथ बाजार समिति प्रांगण में संचालित मछली मार्केट का आवंटन/बन्दोबस्ती करना चाहती है है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पक्की सड़क का निर्माण

*181 **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत बनियापुर प्रखंड के ग्राम पंचायत राज हरपुर में हरपुर पोखरा के पास तिनमुहानी से पहलाद ब्रह्म स्थान तक कच्ची सड़क है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त गांव की आबादी पांच हजार से भी ज्यादा है जिसे आज तक मुख्य सड़क से संपर्कता प्रदान नहीं की जा सकी है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गांववासियों के सड़क संपर्कता हेतु पक्की सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण कबतक

*182 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी ढाका (पूर्वी चम्पारण) मुख्य मार्ग पर अदौरी खोरी पाकड़ घाट पर पुल नहीं रहने के कारण लोगों को ज्यादा दूरी तय करके ढाका-मोतिहारी जाना पड़ता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार अदौरी खोरी-पाकड़ घाट पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## ए. सी. पी. का लाभ कबतक

*183 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के कर्मियों को ससमय प्रोन्नति एवं ए.सी.पी. का लाभ देने का दायित्व विभाग का है;

(ख) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत पटना सिटी स्थित पथ प्रमंडल, गुलजार बाग पथ निर्माण विभाग में वर्ष 1988 में नियुक्त चतुर्थवर्गीय कर्मी श्री धनंजय कुमार सहित अन्य कर्मियों को प्रोन्नति एवं ए.सी.पी. का लाभ नहीं दिया जा सका है, जिससे उनमें भारी असंतोष व्याप्त है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' की स्थिति में 'ख' में वर्णित कर्मियों को प्रोन्नति देने एवं उन्हें ए.सी.पी. का लाभ देने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सदन को अवगत कराने हेतु

*184 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सरकार ने ग्राम कचहरी में चल रहे मुकदमों का ब्यौरा तैयार करने के लिए सॉफ्टवेयर बनवाया है तथा सभी पंचायत सचिवों से ग्राम कचहरी में आए मुकदमों का विस्तृत ब्यौरा देने को कहा गया है;

(ख) क्या यह सही है कि जिस पंचायत में तीन माह तक ब्यौरा नहीं दिया जाएगा उन ग्राम कचहरी के पंचायत सचिवों को तत्काल चयन मुक्त कर दिया जाएगा;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस योजना के क्रियान्वयन के संबंध में की जा रही कार्रवाई से सदन को अवगत कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## मुख्य सड़क का निर्माण

*185 **श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जमुई जिला के सोनो प्रखंड अन्तर्गत चरकापत्थर से टहकार चौक होते हुए छुछुनरिया पंचायत जाने वाली मुख्य सड़क की स्थिति अत्यंत ही जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि उपर्युक्त सड़क की स्थिति जर्जर होने के कारण कई गांव के ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जमुई जिला के सोनो प्रखंड अन्तर्गत चरकापत्थर से टहकार चौक होते हुए छुछुनरिया पंचायत जाने वाली जर्जर मुख्य सड़क का निर्माण करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## खाजा कुआं का जीर्णोद्धार कबतक

*186 **श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के नरहट प्रखण्ड अंतर्गत, ग्राम-शेखपुरा में एक प्राचीन 'खाजा कुआं' जर्जर अवस्था में है तथा अनुपयोगी हो गया है;

(ख) क्या यह सही है कि हसुआ विधान सभा क्षेत्र की स्थानीय विधायिका श्रीमती नीतू कुमारी ने नवादा के उप विकास आयुक्त को पत्र देकर उक्त सार्वजनिक कुआं के जीर्णोद्धार की अनुशंसा की है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 'खाजा कुआं' का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण कबतक

*187 **डा. कुमुद वर्मा (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिला के रतनीफरीदपुर प्रखंड के शकुराबाद बाजार के पूर्वी छोर से गुजरने वाली मोरहर नदी पर जहानाबाद-शकुराबाद-कुर्था मुख्य मार्ग पर उच्च स्तरीय आरसीसी पुल निर्माण नहीं होने से बरसात के दिनों में नदी में थोड़ा सा भी जलस्तर बढ़ने से आसपास के गावों की सम्पर्कता बाधित हो जाती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित नदी पर आरसीसी पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क एवं नाला का निर्माण कबतक

*188 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि परसा बाजार, कुरथौल पंचायत अंतर्गत न्यू एतवारपुर ढलाई रोड में मेन रोड से संतोष जी (नालंदा मेडिकल) के मकान होते हुए शिवशंकर भगत, बिहारी लाल के मकान तक जाने वाली सड़क एवं नाला का निर्माण नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में कठिनाई होती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार सड़क का पी.सी.सी. एवं नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## कार्रवाई कबतक

*189 **प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि नवादा के समाजसेवी श्री अनुज कुमार रावत ने जिला पदाधिकारी को आवेदन देकर शिकायत की थी कि नरहट के पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जून 2022 में अपने स्थानांतरण के पश्चात् वित्तीय नियमावली और सरकारी दिशा-निर्देश की अवहेलना करते हुए सरकारी राशि का भुगतान करके गंभीर अनियमितता बरती है और अप्रत्यक्ष लाभ प्राप्त किया है;

(ख) क्या यह सही है कि जिला पदाधिकारी के आदेशानुसार डी.आर.डी.ए. के निदेशक ने अपने पत्रांक- 1174, दिनांक-02.08.2022 के द्वारा नरहट के वरीय पदाधिकारी पदाधिकारी को इस आरोप की जांच का आदेश दिया था;

(ग) क्या यह सही है कि पांच माह के लम्बे अंतराल के बावजूद जिला पदाधिकारी के आदेशानुसार इस गंभीर आरोप की जांच नहीं की गयी है तथा अप्रत्यक्ष लाभ प्राप्त करके वित्तीय अनियमितता के इस मामले को रफा-दफा कर दिया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## प्रधानमंत्री इंदिरा आवास योजना का लाभ कबतक

*190 **श्री बिनोद कुमार जयसवाल (स्थानीय प्राधिकार, सीवान):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि प्रधानमंत्री इंदिरा आवास योजना सरकार की महत्वकांक्षी योजना है, वंचितों की भागीदारी नहीं रहने से योजना सही तरीके से धरातल पर नहीं उतर रही है;

(ख) क्या यह सही है कि श्रीमती किरण देवी पति श्री प्रमोद कुमार राम, ग्राम-विजयीपुर पो.-अकोल्ही, ग्राम पंचायत अकोल्ही, प्रखंड जीरादेई, थाना मैरवा, जिला सिवान को अभी तक प्रधानमंत्री इंदिरा आवास योजना के लाभ से वंचित रखा गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्रीमती किरण देवी पति श्री प्रमोद कुमार राम को प्रधानमंत्री इंदिरा आवास योजना का लाभ देने हेतु विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सड़क का निर्माण कबतक

*191 **श्री संतोष कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, रोहतास एवं कैमूर):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि टोला बसाव योजना के अन्तर्गत रोह सह पुल का निर्माण कराकर रोहतास एवं भोजपुर जिले को जोड़ा जाएगा;

(ख) क्या यह सही है कि इस पुल की बन जाने से गांव के किसानों एवं अतिपिछड़ा, दलित-महादलित आबादी चामरहा गांव से बवंबांट गांव तक जुड़ जाएगी। जिससे छात्र-छात्राओं को भी आसानी होगी;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार टोला बसाव योजनान्तर्गत उक्त सड़क का निर्माण कराना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----

## पथ निर्माण विभाग

*192 **श्री खालिद अनवर (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला और पूर्वी चम्पारण के बीच स्थित बेलवाघाट पथ जर्जर है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार जनहित में बेलवाघाट के करीब 1.5 किलोमीटर पथ बनाना या मरम्मती शीघ्र करना चाहती है?

----

## सड़क का निर्माण

*193 **श्रीमती रेखा कुमारी (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत मेहसौल पूर्वी गुमटी रेलवे लाईन से दक्षिण दिशा होते हुए डुमरा जाने वाली सड़क बनने से शहर सहित 06 प्रखंडों में जाने के लिए आमजनता को सुविधा होगी;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार लोकहित में यह सड़क बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## तालाब का जीर्णोद्धार कबतक

*194 **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जिला जहानाबाद, प्रखंड-काको में सूर्य मंदिर के निकट 42 एकड़ में बड़ा तालाब है जिसे बड़ी पनिहास कहते हैं एवं काको प्रखंड के काको में मलिक टोला में 24 एकड़ का छोटा तालाब है जिसे छोटी पनिहास कहते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि बड़ी पनिहास एवं छोटी पनिहास तालाब जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है एवं इसकी देखरेख के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार के पास इनके सौंदर्यीकरण के लिए क्या योजना है एवं दोनों तालाबों का जीर्णोद्धार कबतक करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## त्रुटियों को सुधारने के संबंध में

*195 **श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत लाभार्थियों के आवेदन में कभी-कभी गलती से किसी अन्य व्यक्ति का जॉब कार्ड संलग्न हो जाता है, जिस कारण प्राथमिकता सूची में नाम रहने के बावजूद लाभार्थी प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित हो जाते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि ऐसे लाभार्थियों को त्रुटि को सुधारने हेतु कोई मौका नहीं दिया जाता है और विभाग द्वारा उनका आवेदन निरस्त कर दिया है;

(ग) क्या यह सही है कि अरवल जिले के कुर्था प्रखंड की बारा पंचायत की कई लाभार्थी इसी कारण प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हो गए हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऐसी त्रुटियों को सुधारने हेतु लाभार्थियों को एक अवसर देने का विचार रखती है?

----

## प्रखंड का दर्जा कबतक

*196 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बक्सर जिला अंतर्गत लोकनायक जयप्रकाश नारायण की शिक्षा भूमि सिकरौल लख को प्रखण्ड का दर्जा प्रस्तावित है;

(ख) क्या यह सही है कि सिकरौल लख प्रखंड बन जाने से आसपास की 8 पंचायतों की आम जनता को सहूलियत होगी;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिकरौल लख को प्रखण्ड का दर्जा देने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## मुख्य मार्ग से जोड़ना

*197 **डा. रामवचन राय (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के प्रखण्ड मुख्यालय, खुटौना बाजार में अवस्थित वार्ड नं.- 06,08 एवं 09 एक मुस्लिम एवं अतिपिछड़ा बहुल्य एकीकृत मुहल्ला है जिसमें कन्या मध्य विद्यालय भी अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त मुहल्ला तथा कन्या मध्य विद्यालय में जाने-आने का कोई मार्ग निर्मित नहीं है जिसके चलते मुहल्लावासियों सहित कन्या मध्य विद्यालय की छात्राओं को भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खुटौना के परिसर होकर जाना-आना पड़ता है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त वर्णित मुहल्ला की कुल आबादी करीब 4500 (चार हजार पांच सौ) की है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित एक बड़ी आबादी वाला मुहल्ला को मुख्य मार्ग से जोड़ने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## बहाली कबतक

*198 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के जिला परिषद् कार्यालयों में सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, प्रधान सहायक, उच्चवर्गीय लिपिक और लेखापाल का घोर अभाव है;

(ख) क्या यह सही है कि इन पदों पर भारी कमी के कारण जिला परिषद् अपने कार्यों एवं दायित्वों का समुचित संचालन नहीं कर पा रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र इन पदों पर बहाली लेने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सड़क की मरम्मती कबतक

*199 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मुक्तापुर हाई स्कूल से झिल्ली चैक, समस्तीपुर शहर (भाया-रामेश्वर जूट मिल) तक जाने वाली पथ की स्थिति काफी जर्जर एवं दयनीय में है;

(ख) क्या यह सही है कि मुक्तापुर रेलवे गुमटी के पास हमेशा जाम की स्थिति बनी रहने के कारण यह पथ एकमात्र विकल्प रह जाता है, परन्तु पथ की स्थिति काफी जर्जर होने से आमलोगों को आवागमन में काफी दिक्कत होती है एवं लोग दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराकर आवागमन सुचारु कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पुल का निर्माण कबतक

*200 **श्री अशोक कुमार पाण्डेय (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत दिनारा प्रखंड क्षेत्र के मैरा गांव के पश्चिम में कंचन नदी पर पुल का निर्माण होने से दो जिलों बक्सर एवं रोहतास के नागरिकों को काफी लाभ होगा;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित जिलों की दूरी काफी घट जाएगी, आवागमन काफी सुगम एवं सुलभ हो जाएगा, यातायात की गंभीर समस्या से आम नागरिकों को निजात मिलेगा;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित कंचन नदी पर पुल का निर्माण यथाशीघ्र करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण कबतक

*201 **श्रीमती निवेदिता सिंह (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि प्रखंड चेनारी, पंचायत उगहनी, ग्राम पहाड़पुर के मुख्य मार्ग मल्हीपुर-दरिगांव पथ से लेकर पहाड़पुर गांव तक सड़क जर्जर स्थिति में है;

(ख) क्या यह सही है कि पहाड़पुर गांव के पश्चिम दिशा से चिखुरीया व बैरिया पथ आज तक कच्ची है;

(ग) क्या यह सही है कि नक्सलाइट प्रभावित क्षेत्र एवं सड़क ना होने के कारण वहां के लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मल्हीपुर-दरिगांव पथ से पहाड़पुर ग्राम होते हुए चिखुरीया-बैरिया पथ तक सड़क निर्माण कार्य कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## नया पुल का निर्माण कबतक

*202 **श्री अशोक कुमार अग्रवाल ( कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत उत्तरी करिमुल्लापुर में गोपालपुर से भागा गांव जानेवाली सड़क में पूर्व निर्मित 02 आर.सी.सी. पुल बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गए हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क में दोनों आर.सी.सी. पुल क्षतिग्रस्त होने के चलते लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के बीच दोनों क्षतिग्रस्त आर.सी.सी. पुलों के स्थान पर नए पुल निर्माण कराये जाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## आवास का निर्माण

*203 **श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिले के बेनीपट्टी प्रखंड सह अंचल कार्यालय का भवन बहुत पुराना एवं जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि उपर्युक्त स्थल पर अधिकारियों के रहने के लिए भी कोई आवासीय परिसर/आवास नहीं है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखंड सह

अंचल कार्यालय का निर्माण एवं अधिकारियों के आवास का निर्माण करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण कबतक

*204 **डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के ग्रामीण कार्य प्रमंडल, फुलपरास के अन्तर्गत गोरगामा-परसा सड़क में भूतही बलान पश्चिम तटबंध, गोरगामा के समीप पूर्व से अवस्थित लोहे के पुल के बगल में करीब 60-70 फीट 04 वर्ष पूर्व भयंकर बाढ़ के चलते भारी कटाव व बहाव होने का मामला गत 04 वर्षों से विभाग के संज्ञान में रहने के बावजूद अब तक उस स्थान पर पी.सी.सी. पुल का निर्माण नहीं होने के चलते वर्षा ऋतु में करीब 5 माह पूर्णरुपेण आवागमन और यातायात अवरुद्ध हो जाता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अब भी उस स्थान पर उपयुक्त लम्बाई में आर.सी.सी पुल का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## राशि का उपयोग

*205 **श्री राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबू (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के तहत राज्य सरकार को वित्तीय वर्ष 2022-23 में हेल्थ सेक्टर ग्रांट की कुल 904.47 करोड़ रुपए की राशि भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त राशि का उपयोग पंचायती राज संस्थाओं के लिए ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों को 'हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर' में परिवर्तित करने हेतु किया जाना था;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलाएगी कि चालू वित्तीय वर्ष में इस मद की कितनी राशि का उपयोग किया गया है तथा उसकी क्या उपलब्धि है?

----

## सात निश्चय योजना, पार्ट -2 पर विचार

*206 **श्री राजीव कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में पंचायती राज व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने के लिए पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य के पदों सृजन किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि सात निश्चय योजना, पार्ट- 2 पुनः शुरू करने का विचार हो रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सात निश्चय योजना, पार्ट- 2 का स्वरूप बताने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुल पुलिया का निर्माण

*207 **श्री ललन कुमार सर्राफ (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि एन. एच- 106 के मधेपुरा से भर्राही एवं ग्वालपाड़ा से उदकिशुनगंज के बीच सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है, जो काफी धीमा है एवं कुछ पार्ट के काम को अधूरा छोड़कर किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि एन. एच.- 106 में मधेपुरा जिलान्तर्गत मानिकपुर में बनने वाला आरओबी का भी निर्माण एवं इसके अलावे पुल-पुलियों के निर्माण की भी रफ्तार काफी धीमी है, साथ ही सिंहेश्वर-पिपरा के बीच बुढावे नदी पर बनने वाले पुल के निर्माण की रफ्तार भी काफी धीमी है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़कों, आरओबी एवं पुल-पुलियों के निर्माण कार्य में तेजी लाकर शीघ्र पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## रोक थाम हेतु

*208 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि विधान पार्षद आवासीय परिसर के निकट गुजरने वाले

अटल पथ पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं;

(ख) क्या यह सही है कि आर. ब्लॉक के निकट समुचित ट्रैफिक व्यवस्था न होना दुर्घटनाओं एवं अनियंत्रित यातायात की एक वजह के रूप में सामने आया है;

(ग) क्या यह सही है कि विगत 13 एवं 14 फरवरी 2023 को लगातार 2 दिन हुई दुर्घटनाओं की वजह से उपर्युक्त स्थल पर जान-माल की क्षति हुई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलाएगी कि वह अटल पथ, आर. ब्लॉक चौराहा, विधान पार्षद आवासीय परिसर के पास यातायात व्यवस्था को ठीक कराने तथा यहां हो रही दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु कौन सा कदम उठाने जा रही है और नहीं तो क्यों?

----

## उत्पादन पर विचार

***209 श्री अजय कुमार सिंह (सहरसा स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **कृषि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी कोसी तटबंध के पूर्वी भाग में कोसी नदी के सीपेज पानी से सालों भर जल जमाव की स्थिति बनी रहती है;

(ख) क्या यह सही है कि पूर्वी कोसी तटबंध के पूर्वी भाग की कोसी नदी के सीपेज पानी से सालों भर रहने वाले जल जमाव में मखाना और मछली उत्पादन की असीम संभावना है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीपेज पानी से रहने वाले हजारों एकड़ जल जमाव क्षेत्र में मखाना एवं मछली उत्पादन का विचार रखती है?

----

## कैरेज पर रोक हटवाने पर विचार

***210 श्री भूषण कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिले में मनरेगा योजना अंतर्गत मिट्टी भराई में कैरेज पर रोक लगाई गई है;

(ख) क्या यह सही है कि वैशाली जिले में कैरेज पर रोक लगने की वजह से घनी आबादी वाले क्षेत्रों में नजदीक में मिट्टी उपलब्ध नहीं होने के कारण मिट्टी भराई करने में काफी कठिनाई होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वैशाली जिले में कैरेज पर रोक हटवाना चाहेगी और कैरेज बढ़ाने का भी आदेश देना चाहेगी, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## बाईपास का निर्माण

*211 **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला होते हुए सड़क मार्ग से देवघर, जमुई जिला जाने के क्रम में पकरीबरावां प्रखंड के मध्य बाजार होते हुए जाना पड़ता है;

(ख) क्या यह सही है कि पकरीबरावां मध्य बाजार से जाने के कारण जाम की समस्या से घंटों यात्री फँसे रहते हैं, यदि बाईपास बना दिए जाए तो जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी एवं आवागमन सुगम हो जाएगा;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पकरीबरावां प्रखंड में बाईपास का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण

*212 **श्री दिलीप कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत प्रखंड देव में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित पथ देव-अंबा रोड से कोशियारी में ग्राम कटैया में पुल का निर्माण कभी नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त ग्राम में पुल का निर्माण नहीं होने से आम जनता को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ग्राम कटैया में नया पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पथ का निर्माण

*213 **श्रीमती रीना देवी उर्फ रीना यादव (स्थानीय प्राधिकार, नालन्दा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत एकंगरसराय प्रखंड के धुरगांव पंचायत अन्तर्गत ग्राम-चकखिरौटी में बनने वाला मुख्यमंत्री संपर्क पथ एवं ग्राम-धुरगांव से कुड़वापोखर तक बनने वाली सड़क का कार्य 2018 में शुरू करके केवल बालू-गिट्टी बिछाकर छोड़ दिया गया है, जो वर्तमान में अर्द्धनिर्मित सड़क गड्ढे में तब्दील हो गया है जिसके कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त वर्णित दोनों ग्राम के संपर्क पथ का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----